**1. पाठ से**

(क) किसान को बादलों का इंतज़ार क्यों रहता है?

**उत्तर**
किसान को बादलों का इंतज़ार इसलिए रहता है क्योंकि वो पानी बरसाता है जिससे उसके खेत सींच जाते हैं।

(ख) कवि को वर्षा होने पर किसान की याद क्यों आती है?

**उत्तर**
कवि को वर्षा के समय किसान की याद इसलिए आती है क्योंकि किसान की खेती से ही हम सबका पेट भरता है।

(ग) कवि ने किसान की तुलना चातक पक्षी से क्यों की है?

**उत्तर**
कवि ने किसान की तुलना चातक पक्षी से की है क्योंकि जैसे चातक पक्षी स्वाति नक्षत्र की बूंद ही पीता है अन्यथा प्यासा रह जाता है, उसी प्रकार किसान अपनी धरती की प्यास बुझाने के लिए वर्षा की प्रतिक्षा करता है।

**4. सोचो, समझो और बताओ**

**क्या होगा–**

(क) अगर वर्षा बिलकुल ही न हो।

**उत्तर:** अगर वर्षा बिल्कुल न हो तो सूखा पड़ जाएगा। नदी-नाले सब सूख जाएँगे। धरती का तल सूखने से चटक जाएगा। खेती नहीं होगी जिससे खाने को अनाज नहीं मिलेगा।

(ख) अगर वर्षा बहुत अधिक हो।

**उत्तर:** अगर वर्षा बहुत अधिक होगी तो बाढ़ आ जाएगी। सब कुछ पानी में बह जाएगा। जान और माल दोनों की हानि होगी।

(ग) अगर वर्षा बहुत ही कम हो।

**उत्तर:** अगर वर्षा बहुत कम होगी तो गर्मी व उमस रहेगी। पर्यावरण ठीक नहीं होगा। बहुत अच्छा अनाज नहीं होगा। कहीं-कहीं पानी की बहुत कभी भी हो सकती है।

(घ) वर्षा हो मगर आँधी-तूफ़ान के साथ हो।

**उत्तर:** वर्षा अगर आँधी तूफान के साथ होगी तो बहुत नुकसान होने की आशंका रहेगी। पेड़, मकान आदि टूट सकते हैं और जान-माल दोनों की हानि होगी।

**7. नमूने के अनुसार**

नीचे शब्दों के बदलते रूप को दर्शाने वाला नमूना दिया गया है। उसे देखो और अपनी सुविधानुसार तुम भी दिए गए शब्दों को बदलो।

नमूना –गिरना –गिराना –गिरवाना

| **उठना** | **..................** | **..................** |
|---|---|---|
| **पढ़ना** | .................. | .................. |
| **करना** | .................. | .................. |
| **फहरना** | .................. | .................. |
| **सुनना** | .................. | .................. |

**उत्तर**

| **उठना** | **उठाना** | **उठवाना** |
|---|---|---|
| **पढ़ना** | पढ़ाना | पढ़वाना |
| **करना** | कराना | करवाना |
| **फहरना** | फहराना | फहरवाना |
| **सुनना** | सुनाना | सुनवाना |